प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 31.01.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संसद के बजट सत्र के पहले दिन दोनों सदनों को किया संबोधित : वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए कल पेश करेंगी केंद्रीय बजट।
2. महाकुंभ में श्रद्धालुओं का त्रिवेणी में पवित्र स्नान का सिलसिला जारी : उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, विदेश मंत्री एसजयशंकर समेत 116 देशों के राजनयिक कल लगाएंगे संगम में डुबकी।
3. दशाश्वमेध घाट पर होने वाली गंगा आरती 5 फरवरी तक जनसामान्य के लिए रहेगी बंद : श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए लिया गया फैसला। और
4. गाजीपुर में सड़क दुर्घटना में छह लोगों की मौत, 15 लोग घायल : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घायलों के समुचित इलाज के दिए निर्देश।

————————

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा है कि सरकार, देश के विकास और लोगों के कल्याण के लिए अभूतपूर्व गति से काम कर रही है। संसद के बजट सत्र के पहले दिन आज दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने सरकार की विभिन्न योजनाओं पर प्रकाश

डाला। संसद के संयुक्त सत्र को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि महाकुंभ हमारी सांस्कृतिक परंपराओं और सामाजिक जागरण का पर्व है। उन्होनें मौनी अमावस्या पर हुई दुर्घटना पर अपनी संवेदना व्यक्त की और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना की। बाइट...... राष्ट्रपति

*इस समय देश में महाकुंभ का ऐतिहासिक पर्व भी चल रहा है। महाकुंभ भारत के सांस्कृतिक परम्परा का भारत के सामजिक चेतना का पर्व है देश और दुनिया से आये श्रद्धालुओं को प्रयागराज में पुण्य स्नान कर चुके है। मैं मौनी अमावस्या के दिन हुई हादसे पर अपना दुख व्यक्त करती हूं, घायलों के शीघ्र स्वस्थ्य होने की कामना करती हूं।*

इस दौरान उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि महाकुंभ का ऐतिहासिक पर्व भारत की सांस्कृतिक परंपरा और सामाजिक चेतना के महत्व को परिभाषित करता है। श्री धनखड़ ने मौनी अमावस्या पव पर हुई घटना में घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

——————

वित्त वर्ष–2025 में देश के वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद–जीडीपी में छह दशमलव चार प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन द्वारा आज संसद के दोनों सदनों में पेश किए गए आर्थिक सर्वेक्षण में यह अनुमान लगाया गया है। आर्थिक सर्वेक्षण में कहा गया है कि देश ने कृषि और सेवा क्षेत्र द्वारा समर्थित स्थिर आर्थिक विकास प्रदर्शित किया है। इसमें रिकॉर्ड खरीफ उत्पादन

और अनुकूल कृषि परिस्थितियों के कारण ग्रामीण मांग में सुधार होने का उल्लेख किया गया है।

---

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण कल वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए बजट पेश करेंगी। इस बार के बजट से सभी वर्गों को काफी आशाएं हैं। शिक्षा जगत से जुड़े लोगों का मानना है कि सरकार इस बजट में शिक्षा जगत और युवाओं के लिए कुछ विशेष कदम उठाएगी। वाराणसी के आईआईटी बीएचयू के प्रोफेसर सुशांत कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि इस बार के बजट से शिक्षा के क्षेत्र में बड़े बदलाव की उम्मीद की जा रही है। बाइट.....

*नई शिक्षा नीति नेशनल एजुकेशन पालिसी में हम एजुकेशन को रिडिलाइन कर रहे है। हमने उनको इंटर्नशिप प्रोग्राम से जोड़ा है। इतने सारे बच्चे है जिनको पढ़ाना है, लिखना है और सीखना है तो इसके लिये सरकार से सहयोग की अपेक्षा करते है और उम्मीद करते है कि हम इस बार बजट में कम से कम 6 प्रतिशत जीडीपी का हमें एजुकेशन में मिलेगा और इस प्रकार से हमको यह एलोकेशन मिलेगा तो शायद हम सरकार की भावनाओं के अनुरूप और राष्ट्र की चेष्टा के अनुरूप हम कोई अच्छा कार्य कर पायेंगे।*

वहीं कृषि क्षेत्र के लोग भी कल आने वाले बजट को लेकर काफी आशांवित है। आचार्य नरेंद्र देव कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. बृजेंद्र सिंह ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि बजट में छोटे किसानों को प्रोत्साहित करने के लिए कदम उठाए जाएंगे। बाइट.....

*हमने पैदावार बहुत किया, लेकिन समूल संवर्धन की जरूरत है। हमें ये भी अपेक्षाएं है कि समूल संवर्धन करने के लिये छोटे–छोटे किसानों का जो अन आरगेंनाइज ग्रुप है, उनको भी प्रोत्साहन करने की जरूरत है। 5 या 10 किसानों का जो समूह है वो लोग चाहे तो कोई इंडस्ट्री लगाना हो छोटे स्तर पर तो उनको भी इंटर्नशिप की जरूरत है। इंसेस्टिंव प्रदेश वाइज ही या रीजन वाइज देने की जरूरत है।*

———————

**ब्रेक**

**यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।**

**ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।**

————————

**महाकुम्भ में बसंत पंचमी से पहले बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने का क्रम जारी है। आज शाम 6 बजे तक एक करोड़ 73 लाख श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई। महाकुम्भ के अपर मेला अधिकारी विवेक चतुर्वेदी ने बताया कि सुरक्षा के मद्देनजर सभी घाटों पर बचाव राहत दल, जल पुलिस और गोताखोर लगातार निगरानी कर रहे हैं। पेश है एक रिपोर्ट......**

*आगामी बसंत पंचमी को होने वाले तीसरे अमृत स्नान के लिये उत्तर प्रदेश सरकार ने, मेला प्राधिकरण को निर्देश दिया है कि वे जीरो एरर*

*व्यवस्था सुनिश्चित करे। इसके अलावा सर्वाधिक भीड़ वाले इलाके में, ज्यादा से ज्यादा वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को सुरक्षा बल के साथ मौजूद रहने को कहा गया है। वहीं बॉर्डर एरिया में पुलिस अधीक्षक स्तर के अधिकारियों की तैनाती की जायेगी। अमृत स्नान के दौरान संगम नोज पर अत्यधिक भीड़ को रोकने की आवश्यकता पर भी बल दिया गया। इसके अलावा कइ 'स्तरों पर बैरिकेडिंग की जाएगी और डायवर्जन प्लान को लागू किया जाएगा। वहीं अमृत स्नान के दिन कोई भी वीआईपी प्रोटोकॉल लागू नहीं होगा। 2 फरवरी और 3 फरवरी को श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मेला क्षेत्र में डायवर्जन लागू किया जाएगा। प्रवीण मिश्र, आकाशवाणी समाचार, प्रयागराज।*

——————

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ कल परिवार के साथ संगम में डुबकी लगाने के लिए प्रयागराज पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बमरौली एयरपोर्ट पर श्री धनखड़ का स्वागत करेंगे। वहां से उपराष्ट्रपति हेलीकाप्टर से अरैल पहुंचेंगे। अरैल से क्रूज द्वारा वीवीआईपी घाट जाकर स्नान करेंगे। संगम में स्नान के बाद उपराष्ट्रपति अक्षय वट और लेटे हुए हनुमान जी के दर्शन भी करेंगे। वहों विदेश मंत्री एस.जयशंकर के साथ अमेरिका, बांग्लादेश, जापान, जर्मनी, रूस और यूक्रेन समेत 116 देशों के राजनयिक भी कल महाकुंभ पहुंचेंगे। सभी राजनयिक अरैल पहुंच कर सबसे पहले अपने देश का झंडा फहरायेंगे। इसके बाद संगम में डुबकी लगाने पहुंचेंगे। मेला अधिकारी विजय किरन आनंद ने बताया कि सभी राजनयिक, संगम में डुबकी लगाने के बाद अक्षयवट और लेटे हुए हनुमान जी के

दर्शन करेंगे। इसके बाद डिजिटल अनुभूति केंद्र में प्रयागराज से जुड़ी जानकारियां लेंगे।

————————

महाकुंभ में हुए हादसे के कारणों का पता लगाने के लिए गठित तीन सदस्यीय न्यायिक आयोग आज प्रयागराज पहुंच गया है। आयोग के सदस्यों ने संगम घाट का दौरा कर घटना के कारणों और परिस्थितियों की जानकारी ली। यह आयोग हादसे की वजह पता लगाने के साथ ही भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने की सिफारिशों के साथ एक महीने के अंदर अपनी रिपोर्ट देगा।

————————

वाराणसी में बढ़ती भक्तों की भीड़ को देखते हुए दशाश्वमेध घाट पर होने वाली मां गंगा की आरती में 5 फरवरी तक श्रद्धालुओं से ना आने की अपील की है। गंगा आरती कराने वाली संस्था के अध्यक्ष सुशांत मिश्रा ने बताया कि दशाश्वमेध घाट पर आयोजित होने वाली गंगा आरती पांच फरवरी तक जनसामान्य के लिए बंद रहेगी।

बाइट......

*करोड़ों की संख्या में दर्शनार्थी प्रयागराज आ रहे है और कुंभ स्नान के बाद काशी और अयोध्या की ओर जा रहे हैं तो इसमें गंगा आरती में और काशी में जो भीड़ है वो काफी ज्यादा है। इसीलिये हम लोग गंगा सेवा निधि परिवार की ओर से आप सभी देशवासियों से ये अपील करते है कि जब तक भीड़ काफी ज्यादा है। तब तक आप लोग गंगा आरती का दर्शन करने न आये, आप लोग से निवेदन है कि आप जो आन लाइन है वहीं से देख कर*

*दर्शन कर ले, जब स्थिति सामन्य होगी उनके बाद आप मां गंगे की आरती के दर्शन करने आ सकते हैं।*

—————————

गाजीपुर में एक सड़क दुर्घटना में 6 लोगों की मौत हो गई और 15 लोग घायल हो गये। घायलों को इलाज के लिए ज़िला अस्पताल भेजा गया है। ये सभी लोग महाकुंभ से लौट रहे थे। आज सुबह नन्दगंज थाना क्षेत्र के पास हाईवे पर इनका वाहन एक ट्रक से टकरा गया जिसके कारण यह दुर्घटना हुई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे पर दुख जताया है और घायलों के समुचित इलाज के निर्देश दिए हैं।

—————————

उत्तराखंड में 38वें राष्ट्रीय खेलों में प्रदेश की पुरुष बीच हैंडबॉल टीम ने कांस्य पदक जीतकर राज्य को पहला पदक दिलाया है। यूपी टीम ने कांस्य पदक मुकाबले में राजस्थान को पेनाल्टी शूट आउट में हरा दिया। वहीं वुशू खिलाड़ी मोहित थापा ने ननदाओ स्पर्धा में रजत पदक जीतकर यूपी को दूसरा पदक दिलाया है।

—————————

एक और दो फरवरी को बरेली में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय पैरा स्पोर्ट्स प्रतियोगिता में शाहजहांपुर के छह खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। शाहजहांपुर के ज़िलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने आज खिलाड़ियों को बरेली के लिए

रवाना किया। ये खिलाड़ी शूटिंग, पावर लिफ्टिंग, भाला फेंक और रेस में प्रतिभाग करेंगे।

(समाप्त)